जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा 2015 आवश्यक निर्देश

प्रिय अभ्यर्थी,

जैसी की आपको जानकारी है उक्त परीक्षा दिनांकः 26/8/2017 से प्रारम्भ हो रही है। आप अच्छी तरह जानते है कि इस परीक्षा में भारी प्रतिस्पर्धा है एवं एक अंक का अन्तर भी आपके चयन की संभावना समाप्त कर सकता है। अतः आपसे पूर्ण मनोयोग से परीक्षा में भाग लेने की अपेक्षा की जाती है।

विश्वविद्यालय आपको आश्वस्त करता है कि सम्पूर्ण परीक्षा प्रणाली में प्रत्येक केन्द्र पर गोपनीयता, ईमानदारी एवं निष्पक्षता बरकरार रखी जायेगी। इसे लागू करने हेतु कई स्तरो पर अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। आप यह भी जानते है कि एक गलत व्यक्ति के चयन से एक योग्य अभ्यर्थी के चयन की सम्भावना कम हो जाती है। परीक्षा के आयोजन हेतु विश्वविद्यालय आपसे अपेक्षा करता है कि आप परीक्षा के दिन निर्देशों एवं दस्तावेजो को प्रस्तुत करने एवं व्यक्तिगत तलाशी बाबत् निर्देशों की पालना करने में सहयोग प्रदान करें। आप द्वारा इस दौरान किसी भी प्रकार के गलत सहयोग की याचना नहीं करें क्योंकि एक भी व्यवस्था के निर्देशो के विपरीत की प्रार्थना को स्वीकार किया जाता है तो वह भविष्य के लिए परम्परा बन जाती है।

महत्वपूर्ण निर्देशः –

1. अपना प्रवेश पत्र www.policeuniversity.ac.in से डाउनलोड करे।
2. परीक्षा केन्द्र का स्थान एक दिन पहले ही जाकर देख ले एवम् अपने आवागमन की व्यवस्था तद्अनुसार पहले से करके रखें।
3. प्रवेश पत्र से उल्लेखित समय सीमा का ध्यान रखें। परीक्षा प्रारम्भ के 15 मिनट पहले दरवाजा बन्द कर दिया जायेगा। तद्उपरान्त किसी भी परिस्थिति में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। ऐसा इसलिए आवश्यक है कि परीक्षा प्रारम्भ से पहले आपसे कम्प्यूटर पर कुछ आवश्यक कार्य करवाने होते है। यह भी ध्यान रखे कि व्यक्तिगत तलाशी में भी प्रवेश से पहले समय लगता है।
4. आप आवश्यक रूप से प्रवेश पत्र में उल्लेखित दस्तावेज साथ लेकर आयें इनके बगैर आपको प्रवेश नहीं दिया जायेगा। आपको को पुनः याद दिलाया जाता है कि एक पोस्टकार्ड साईज के आकार का 4"x6" की रंगीन फोटो साथ लेकर आवें तथा पहचान के लिए मूल दस्तावेज भी साथ लावें।
5. आप परीक्षा केन्द्र पर टोपी, स्कार्फ, शॉल आदि पहन कर नहीं आये।
6. परीक्षा केन्द्र में किसी भी प्रकार के मोबाईल, टेबलेट, इलेक्ट्रोनीक डिवाईस, किताबें, बोटल आदि सुरक्षीत रखने कि जिम्मेवारी परीक्षा केन्द्र की नहीं होगी।
7. परीक्षा कम्प्यूटर आधारित होगी। कम्प्यूटर आधारित परीक्षा को समझने के लिए www.policeuniversity.ac.in वेबसाईट पर मॉक टेस्ट की सुविधा उपलब्ध है।
8. परीक्षा केन्द्र में आपको स्वयं का कम्प्यूटर तथा लेपटॉप इत्यादि लाने कि आवश्यकता नहीं है। कम्प्यूटर परीक्षा केन्द्र पर उपलब्ध रहेंगे।
9. परीक्षा के दौरान आप कीबोर्ड का इस्तेमाल नहीं कर सकते। आपके ध्यान में लाया जाता है कि प्रत्येक पारी में अलग–अलग प्रश्न पत्र आयेंगे। प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए भी इस पारी में प्रश्न पत्रों के अनुक्रम बदल दिये जायेंगे। इसी प्रकार उत्तर में भी विकल्पों में परिवर्तन किया जायेगा।
10. रफ कार्य के लिए खाली कागज उपलब्ध करवा दिया जायेगा तथा परीक्षा उपरान्त वह कागज वापस ले लिया जायेगा।
11. कृपया प्रवेश पत्र पर लिखित सभी निर्देशो का पालन करें।

Hem Singh

आपके सहयोग के लिए अग्रेषित
शुभकामनाओं सहित
परीक्षा विभाग, एसपीयूपी, जोधपुर